7. हमें डॉक्टरों का सम्मान करना चाहिए | — We ought to respect doctors.
8. हमें उसे धोखा नही देना चाहिए | — We ought not to deceive him.
9. हमें रोज पानी पीना चाहिए | — We ought to drink water daily.
10. क्या मुझे गरीबों पर दया करनी चाहिए ? — Ought I to the pitty poor ?
11. क्या हमें बड़ो को अनसुना नही करना चाहिए ? — Ought we not to ignore elders ?
12. क्या छात्रों को विनम्र होना चाहिए ? — Ought students to be polite ?
13. हमें यातायात नियमो का पालन क्यों करना चाहिए ? — Why ought we to follow the traffic rules ?
14. हमें लड़ाई नही करनी चाहिए | — We ought not to fight.
15. उसे अपने भाई बहनों की मदद करना चाहिए | — She ought to help her siblings.
16. तुम्हे अपने पेरेंट्स की देखभाल करनी चाहिए | — You ought to care of your parents.
17. हमें शाम तक पहुंचना चाहिए | — We ought to arrive in the evening.
18. क्या हमें जरूरत मंदों की सहायता करनी चाहिए ? — Ought we to help the needy.
19. हमें समय पर खाना खाना चाहिए | — We ought to eat food on time.
20. उसे अपने दोस्तों के साथ गलत काम नही करना चाहिए | — He ought not to misbehave with friends.

PRACTICE SHEET

1. उसे गरम कपड़े पहनना चाहिए | --
2. तुम्हे जल्दी सोना चाहिए | --
3. क्या हमें रोज फल खाना चाहिए | --
4. राज को पुनर्विचार करना चाहिए | --
5. हमें अधिक सावधानी बरतनी चाहिए | --
6. हमें अपने देश को प्यार करना चाहिए | --
7. तुम्हे बड़ो का अपमान नही करना चाहिए | --
8. हमें ट्रेफिक नियम नही तोड़ना चाहिए | --
9. क्या मुझे उसकी सलाह सुननी चाहिए ? --
10. हमे किताबे पढ़ना चाहिए | --
11. हमें हमारे राष्ट्रिय ध्वज का सम्मान करना चाहिए | --
12. हमें पैसा कैसे बचाना चाहिए ? --
13. क्या हमें छोटे बच्चों से प्यार करना चाहिए ? --
14. हमें अपना पूरा काम करना चाहिए | --

15. तुम्हे सिगरेट नही पीनी चाहिए | ---
16. हमें वह भूल जाना चाहिए | ---
17. हमें सीरियस क्यों होना चाहिए ? ---
18. क्या हमें समय पर कार्यालय पहुंचना चाहिए ? ---
19. उसे हमें सूचित करना चाहिए | ---
20. क्या हमें हर विषय को खोजना चाहिए | ---

Dare

Definition :- Dare को semi modal verb कहते है क्योंकि इसका प्रयोग modal सहायक क्रिया एवं मुख्य क्रिया (main verb) दोनों के रूप में किया जाता है | Dare का प्रयोग (हिम्मत/साहस) के अर्थ में किया जाता है |

Dare का प्रयोग modal के रूप में किया जाता है तो कुछ मुख्य (विशेष) बिंदु है, जो इस प्रकार है –

1. Dare का प्रयोग Negative,Interrogative sentence में ही किया जाता है |
2. Dare के बाद To का प्रयोग नही किया जाता है |
3. Dare not का संक्षिप्त रूप Daren't होता है |
4. Dare के Negative sentence में Dare के बाद Not का प्रयोग किया जाता है |

- Dare का प्रयोग challenge (चुनौती) या ऐसे वाक्य जिनमे कहने वाले का क्रोध व्यक्त होता हो उस स्थिति में भी Dare का प्रयोग किया जाता है |

Examples :- उसकी वहाँ जाने की हिम्मत कैसे हुई ? — How dare he go there ?

हिम्मत करके तुम उससे लड़ो | — Dare you fight him.

- Anybody,somebody,someone,nobody इनके साथ to का प्रयोग भी किया जा सकता है और नही भी |

Examples :- कोई उसे धोखा देने की हिम्मत नही करता |

Nobody dare to cheat him. / Nobody dare cheat him.

Structure :- (S) Sub + dare + v_1 + obj

(N) Sub + dare + not + v_1 + obj

(I) Dare + sub + v_1 + obj ?

(IN) Dare + sub + not + v_1 + obj ?

Examples :- मेरी इंदौर में अकेले रहने की हिम्मत है | — I dare live alone in Indore.

मेरी इंदौर में अकेले रहने की हिम्मत नही है | — I dare not live alone in Indore.

क्या मेरी इंदौर में अकेले रहने की हिम्मत है ? — Dare I live alone in Indore ?

क्या मेरी इंदौर में अकेले रहने की हिम्मत नही है ? — Dare I not live alone in Indore ?

1. मुझमे यह काम करने का साहस नही है | — I dare not to do this work.

2. मेरी सनावद में अकेले रहने की हिम्मत नही है | — I dare not live alone in Sanawad.
3. क्या अपमे मुझसे प्रशन पूछने की हिम्मत है ? — Dare you ask me questions ?
4. मुझमे अकेले वहाँ जाने का साहस नही है | — I dare go there alone.
5. क्या रानी में मेरे सामने खड़े होने का साहस नही है ? — Dare Rani not stand before me ?
6. मेरी जाने की हिम्मत नही है | — I dare not go.
7. तुम्हारी यहाँ बैठने की हिम्मत कैसे हुई ? — How dare you sit here ?
8. तुम्हारी मुझसे पूछने की हिम्मत कैसे हुई ? — How dare you ask me ?
9. क्या उनमे दोस्तों से लड़ाई करने की हिम्मत नही है ? — Dare they not fight with friends ?
10. उसकी तुमसे ऐसा कहने की हिम्मत कैसे हुई ? — How dare he say so to you ?
11. मेरी उसे बताने की हिम्मत नही है | — I dare not tell him.
12. क्या उसमे सच कहने की हिम्मत नही है ? — Dare he not say the truth ?
13. तुम्हारी हिम्मत कैसे हुई उससे बात करने की ? — How dare you talk with her ?
14. मुझमे एक बिल्ली मारने की हिम्मत नही है | — I dare not kill a cat.
15. तुम्हारे भाई की हिम्मत कैसे हुई मेरी किताब लेने की ? — How dare your brother take my book ?

PRACTICE SHEET

1. मुझमे एक पत्र लिखने की हिम्मत है | --
2. तुममे कार चलाने की हिम्मत नही है | --
3. उसमे शिक्षको से बात करने की हिम्मत नही है | --
4. मेरी बाहर जाने की हिम्मत नही है | --
5. मुझमे अपनी किताब छुपाने की हिम्मत नही है | --
6. मेरी उसे बताने की हिम्मत नही है | --
7. क्या उसकी यह करने की हिम्मत है ? --
8. मुझमे छत पर चढ़ने की हिम्मत नही है | --
9. क्या हममे अंग्रेजी सिखने की हिम्मत है ? --
10. मुझमे बाइक चलाने की हिम्मत क्यों नही है ? --
11. मुझमे अपने माता-पिता के सामने बोलने की हिम्मत नही है | --
12. उसकी मेरी अनुमति के बिना वहां जाने की हिम्मत कैसे हुई ? --
13. तुम्हारी ऑफिस के समय से पहले जाने की हिम्मत कैसे हुई ? --
14. मेरी यह सवाल हल करने की हिम्मत नही है | --
15. क्या तुम्हारी कार खरीदने की हिम्मत है ? --
16. मेरी इस परीक्षा का पेपर देने की हिम्मत नही है | --

Need

Definition :- Need को भी semi modal verb कहते है क्योंकी इसका प्रयोग भी modal verb एवं main verb दोनों के रूप में किया जाता है | need का प्रयोग जरुर / आवश्यकता के अर्थ में किया जाता है |

Note :- Need का प्रयोग भी modals में dare की तरह ही किया जाता है |

Need का प्रयोग भी अधिकतर Negative,Interrogative sentences में ही किया जाता है |

Note :- अगर Need not का प्रयोग do/does/did के साथ किया जाता तो To का प्रयोग होता है अन्यथा नही |

- जब Need का modal helping verb के रूप में होता है, तो Need के साथ S का प्रयोग नही किया जाता है |

Structure :- (S) Sub + need + v_I + obj

(N) Sub + need + not + v_I + obj

(I) Need + sub + v_I + obj ?

(IN) Need + sub + not + v_I + obj ?

Examples :-

मुझे वहाँ जाने की आवश्यकता है | — I need go there.

मुझे वहाँ जाने की आवश्यकता नही है | — I need not go there.

क्या मुझे वहाँ जाने की आवश्यकता है ? — Need I go there ?

क्या मुझे वहाँ जाने की आवश्यकता नही है ? — Need I not go there ?

1. मुझे पानी की जरूरत है | — I need water.
2. तुम्हे वहाँ जाने की जरूरत नही है | — You need not go there.
3. क्या हमें उसकी अनुमति लेने की जरूरत है ? — Need we take his permission ?
4. हमें भोजन की आवश्यकता है | — We need food.
5. तुम्हे कपड़े बदलने की जरूरत नही है | — You need not change your dress.
6. उसे पड़ने की जरूरत नही है | — He need not study.
7. क्या उसे जाने की जरूरत है ? — Need he go ?
8. आपको यहाँ रहने की आवश्यकता नही है | — You need not stay here.
9. मुझे इस वक्त तुम्हारी जरूरत है | — I need you right now.
10. तुम्हे मेरी राह देखने की जरूरत नही है | — You need not wait for me.
11. हमें तुम्हारी जरूरत है | — We need you.
12. क्या मुझे अपनी किताबे साथ ले जाने की जरूरत है ? — Need I take my books with me ?
13. उसे कल आने की जरूरत नही है | — He need not come tomorrow.
14. मुझे क्रिकेट खेलने की जरूरत है | — I need play cricket.
15. मुझे नौकरी पाने की जरूरत है | — I need get a job.

Chapter 21 Tense (काल)

Definition :- Tense किसी भी वाक्य में क्रिया (verb) का वह रूप होता है जिसके द्वारा हमें समय का पता चलता है, या जो कार्य में होने का समय बताता है |

Tense प्रमुखतः तीन प्रकार के होते है, जो निम्न इस प्रकार है |

1. Present Tense (वर्तमान काल)
2. Past Tense (भूतकाल)
3. Future Tense (भविष्य काल)

- प्रत्येक Tense (काल) के 4 भाग (प्रकार) होते है, जो इस प्रकार है |

1. Simple Tense (सामान्य/सरल काल)
2. Continuous Tense (अपूर्ण,निरंतर काल (समय))
3. Perfect Tense (पूर्ण / उत्तम काल)
4. Perfect Continuous Tense (पूर्ण निरंतर काल)

Present Tense

Present Indefinite/Simple Tense

Definition :- जब हमें अंग्रेजी भाषा में बताना या कहना हो की कोई कार्य होता है जिसमे किसी कार्य के पुरे होने या खत्म होने का पता नही चलता तो इस प्रकार के Tense को Present Indefinite (सामान्य वर्तमान) काल कहते है | हिंदी में वाक्यों के अंत में ता है, ती है, ते है , आदि शब्द आते है | ``

- Present Indefinite tense के (sentence) वाक्यों में हम V_1 + s / es का प्रयोग करते है अगर subject singular होता है तो हम verb की 1st form के साथ s/es लगाते है | plural subject के साथ verb की 1st form (क्रिया का पहला रूप) का ही प्रयोग करते है |
- जब हम इनके Negative,Interrgative (नकारात्मक,प्रश्नवाचक) वाक्य बनाते है तो do/does helping verb का प्रयोग करते है |

Do (Plural)	Does (Singular)
I	He
We	She
They	It
You	Name

Do :- "Do" (helping verb) सहायक क्रिया का प्रयोग हम (plural subject) एक वचन कर्ताओं के साथ करते है |

Does :- "Does" (helping verb) सहायक क्रिया का प्रयोग (singular subject) एक वचन कर्ताओं के साथ करते है |

Note :- Negative या Interrogative sentence वाक्यों में क्रिया (main verb) के साथ हम s/es का प्रयोग नही करते है |

S/es का use :- Verb के साथ s/es जिन verb के last में o,sh,ch,x,tch ये letters आते है, तो इनके साथ 'Es' लगाना है , बाकि सबके साथ 'S' लगाना है |

Examples :- वह फिल्म देखता है | — He watches movie.

वह क्रिकेट खेलता है | — He plays cricket.

इसके अलावा हम Present Indefinite Tense का प्रयोग कुछ स्थितियों में करते है जैसे :-

Habit :- ऐसे वाक्य जो (habit)आदते बताते है, तो वहां पर Present Indefinite Tense का प्रयोग करते है | जैसे :-

Examples :- वह सिगरेट पीता है | — He smokes.

वह चाय पीता है | He takes tea.

Routine / Repeat :- ऐसे वाक्य जो routine (दिनचर्या) बताते है या repeat होते है तो वहाँ पर Present Indefinite Tense का प्रयोग किया जाता है |

Examples :- मैं रोज 5 बजे उठता हूँ | I wake up at 5 o'clock daily.

मैं 10 बजे स्कूल जाता हूँ | I go to school at 10 o'clock.

Universal Truth :- (Universal Truth) सार्वभौमिक सत्य बताने के लिए भी Present Indefinite Tense का प्रयोग किया जाता है |

Examples :- सूर्य पूर्व में उदय होता है | The sun reses in the east.

Facts :- Facts (तथ्य) बताने के लिए भी Present Indefinite Tense का प्रयोग किया जाता है |

Structur

(S) Sub + V_I + S / Es + Obj

(N) Sub + Do / Does + Not + V_I + Obj

(I) Do / Does + Sub + V_I + Obj ?

(IN) Do / Does + Sub + Not + V_I + Obj ?

(WH) Why + Do / Does + Sub + V_I + Obj ?

Examples :-

वह स्कूल जाता है		(S) He goes to school.
वह स्कूल नही जाता है		(N) He does not go to school.
क्या वह स्कूल जाता है ?	(I) Does he go to school ?
क्या वह स्कूल नही जाता है ?	(IN) Does he not go to school ?
वह स्कूल क्यों जाता है ?	(Wh) Why does he go to school ?

1. वह खाना खाता है | He eats food.
2. मैं झूठ नही बोलता हूँ | I do not tell a lie.
3. क्या तुम अमेरिका में पढ़ते हो | Do you study in America.
4. वह आठ बजे उठता है | He wakes up at 8 o'clock.
5. मैं रोज एक आम खाता हूँ | I eat a mango daily.
6. तुम किसकी गाड़ी चलाते हो ?   Whose car do you drive ?
7. मैं पत्र क्यों नही लिखता हूँ ?   Why do I not write a letter.
8. मेरी माँ अपने ऑफिस लैपटॉप लेकर जाती है | My mother takes laptop to her office.

9. क्या बहुत से विद्यार्थी कठिन परिश्रम करते है ? Do lot of students work hard ?

10. क्या तुम शराब कभी नही पीते ? Do you never drink wine ?

11. अब विद्यार्थी कक्षा में शोर नही मचाते है | Students do not make a noise in the class now.

12. हम मरीजो को रक्तदान नही करते है | We do not donate blood to the patients.

13. दूध कौन पसंद नही करता है ? Who doesn't like milk ?

14. मैं किताब लिखता हूँ | I write a book.

15. मैं उसे नही मारता हूँ | I don't beat him.

Present Continuous Tense

Definition :- Present Continuous Tense (वर्तमान सतत काल) जिसमे हमें बताना हो की कोई कार्य वर्तमान (present) में हो रहा है या जारी है, तो वहाँ पर इस tense (काल) का प्रयोग होता है | इस काल के (tense) वाक्यों के अंत में रहा है, रही है, रहे है, शब्द आते है | इस tense में हम Is, am, are (helping verb) सहायक क्रियाओ का प्रयोग करते है एवं Is/am/are के बाद (V_4) या (verb की first form के साथ ing) का प्रयोग किया जाता है |

Is :- Is helping verb (सहायक क्रिया) का प्रयोग हम singular subject (एकवचन कर्ताओं) he, she, it, name के साथ किया जाता है |

Am :- Am helping verb (सहायक क्रिया) का प्रयोग के (I) subject (कर्ता) के साथ किया जाता है |

Are :- Are helping verb (सहायक क्रिया) का प्रयोग हम plural subject (बहुवचन कर्ताओं) (we,you,they) के साथ किया जाता है |

Present Continuous Tense का प्रयोग हम कुछ स्थितियों (conditions) में करते है, जो इस प्रकार है :-

1. **Temporary Action :-** Temporary Action बताने के लिए इस tense का प्रयोग किया जाता है जैसे :-

   Examples :- वह अब खाना खा रहा है | He is eating food now.

   वह अभी सो रहा है | He is sleeping now.

2. **Progressive Active :-** ऐसा काम जो वर्तमान में progress में है, या हो रहा तो वह बताने के लिए इस tense का प्रयोग किया जाता है |

   Examples :- मैं अंग्रेजी सिख रहा हूँ | I am learning English.

   वह दौड़ रहा है | He is running.

3. **Happening at the moment :-** कोई भी ऐसा काम जो अभी हो रहा है तो वह बताने के लिए इस tense का प्रयोग किया जाता है |

Examples :- मैं ग्रहकार्य कर रहा हूँ | — I am completing homework.

वह नचा रहा है | — He is dancing.

Structur

(S) Sub + Is / Am / Are + V_4 + Obj

(N) Sub + Is /Am / Are + Not + V_4 + Obj

(I) Is / Am / Are / Sub + V_4 + Obj ?

(IN) Is / Am / Are + Sub + Not + V_4 + Obj ?

(W.H.) How + Is / Am / Are + Sub + V4 + Obj ?

Examples :-

मै एक पत्र लिख रहा हूँ	(S) I am writing a letter.
मै एक पत्र नही लिख रहा हूँ	(N) I am not writing a letter.
क्या मै एक पत्र लिख रहा हूँ ?	(I) Am I writing a letter ?
क्या मै एक पत्र नही लिख रहा हूँ ?	(IN) Am I not writing a letter ?
मै एक पत्र कैसे लिख रहा हूँ ?	(W.H.) How am I writing a letter ?

1. वह अपना कमरा साफ कर रहा है		He is cleaning his room.
2. वह टेलीविजन नही देख रहा है		He is not watching T.V.
3. क्या वे बेवकूफ की तरह बर्ताव कर रहे है ?	Are they behaving like a fool ?
4. तुम मंच पर क्यों नही नाच रही हो ?	Why are you not dancing on the stage ?
5. क्या शिक्षक मुझे बुला रहे है ?	Are teacher calling me ?
6. तुम्हारा दोस्त कंपनी के नियमो को नही समझा रहा है		Your friend is not explaining the rules of company.
7. वह दुकान पर काम कर रहा है		He is doing work in the shop.
8. माली पौधो को पानी क्यों नही दे रहा है ?	Why is the gardener not watering the plants ?
9. मैं हवाई जहाज से गुजरात जा रहा हूँ		I am going to Gujarat by airplane.
10. क्या आप मॉस स्टडी से अंग्रेजी सीख रहे है ?	Are you learning English from Mass Study ?
11. मैं फ्री में डांस क्लास ले रही हूँ		I am taking dance classes for free.
12. शिकारी जंगल में क्यों मटक रहा है ?	Why is the hunter is wondering in the forest.
13. मैं उसके अभिभावकों से बात कर रहा हूँ		I am talking to his parents.
14. क्या हमारे राज्य के मुख्यमंत्री यहाँ आ रहे है ?	Is the Chief Minister of our state coming here ?
15. पुलिस चोर को पकड़ रही है		Police is catching the thief.

Present Perfect Tense

Definition :- जब हमें अंग्रेजी में बताना हो की वर्तमान (present) में कोई कार्य पूर्ण हो चूका है, तब (Present Perfect Tense) पूर्ण वर्तमान काल का प्रयोग किया जाता है |

इस Tense में वाक्यों (sentences) के अंत में चूका है,चुकी है,चुके है| या फिर या है,ये है,ई है शब्द/अक्षर जुड़े रहते है |

इस Tense में Has/Have helping verb (सहायक क्रियाओ) का प्रयोग किया जाता है |

Has :- "Has" (helping verb) सहायक क्रिया का प्रयोग (singular subject) एकवचन कर्ताओ (He,she,It,name) के साथ किया जाता है |

Have :- "Have" (helping verb) सहायक क्रिया का प्रयोग (Plural subject) बहुवचन कर्ताओ (I,we,you,they,2name) के साथ किया जाता है |

Note :- Present Perfect Tense में हमेशा (verb के Third form) क्रिया का तीसरा रूप का प्रयोग किया जाता है |

- इसके अलावा Perfect Tense को पहचानने के लिए दो नियम है |

1. **To Show Recently Completed Work/Action :-** जब हमें बताना या कहना हो की कोई भी ऐसा कार्य जो अभी-अभी (Complete) पूरा हुआ है, तो वह present perfect tense होगा |

   Examples :- वह अभी-अभी यहाँ से निकला है |
   He has just left from here.

2. **Work/Action Started in Past but Completed in Present :-** कोई भी ऐसा कार्य जो start तो Past में होता है लेकिन वर्तमान में complete हो (चूका है) गया है |

   Examples :- विराट 100 रन बना चूका है |
   Virat has made 100 runs in this match.

Structur

(S) Sub + Has / Have + V_3 + Obj

(N) Sub + Has / Have + Not + V_3 + Obj

(I) Has / Have + Sub + V_3 +Obj ?

(IN) Has / Have + Sub + Not + V_3 + Obj ?

(W.H.) Why + Has / Have + Sub + V_3 + Obj ?

Examples :- वह काम कर चुकी है — (S) She has worked.

वह काम नही कर चुकी है — (N) She has not worked.

क्या वह काम कर चुकी है ? — (I) Has she worked ?

क्या वह काम नही कर चुकी है ? — (IN) Has she not worked ?

वह काम क्यों कर चुकी है ? — (W.H.) Why has she worked ?

1. मेरी बहन स्कूल गई है | — My sister has gone to school.
2. वह नदी में नही नहाया है | — He has not taken bath in the river.
3. वह कमरा साफ कर चूका है | — He has cleaned Room.
4. क्या श्याम ने राधा को वचन दिया है ? — Has Shyam given to Radha promise ?
5. मेरा दोस्त काम कर चूका है | — My friend has done work.
6. क्या वह क्रिकेट खेल चूका है ? — Has he played cricket.
7. वह नौकरी क्यों छोड़ चूका है ? — Why has he left job ?
8. गाय घास खा चुकी है | — Cow has eaten grass.
9. उसने मेरी कलम चुराई है | — He stolen my pen.
10. तुमने अपना काम ख़तम क्यों नही किया है ? — Why have you not finished your work ?
11. उसने पौधो को पानी नही डाला है | — He has not watered the plants.
12. मेरा भाई खाना खा चूका है | — My brother has eaten food.
13. मैंने इस साल परीक्षा नही दी है | — I have not taken the exam this year.
14. हमने ताजमहल नही देखा है | — We have not seen the Taj Mahal.
15. मैंने अपना घर बेच दिया है | — I have sold my house.

Present Perfect Continuous Tense

Definition :- जब हमें अंग्रेजी में यह बताना/कहना हो की कोई कार्य भूतकाल past में शुरू हुआ और अभी भी present में जारी है, तो यह दर्शाने के लिए present perfect continuous tense (पूर्ण निरंतर वर्तमान काल) का प्रयोग किया जाता है |

- इस tense में वाक्यों (sentences) के अंत में रहा है,रही है,रहे है ऐसे शब्दों का प्रयोग होता है, किन्तु इसके साथ कार्य के जारी रहने के लिए समय भी दिया होता है |
- इस tense में Has/Have been (helping verb) सहायक क्रिया का प्रयोग किया जाता है |

Has been

Have been

Has Been :- Has been का प्रयोग (singular subject) एकवचन कर्ताओ (He,she,It,name) के साथ किया जाता है |

Have Been :- Have been का प्रयोग (plural subject) बहुवचन कर्ताओ (I,We,You,They) के साथ किया जाता है |

- इस tense में (verb की first form) क्रिया के पहले रूप के साथ (Ing) लगाया जाता है |

Note :- समय दर्शाने के लिए since एवं for का प्रयोग किया जाता है |

Since – Since का प्रयोग करने के निम्न तरीके है –

1. निश्चित समय दिया हो |
2. जब समय का नाम दिया हो |
3. Point of time बताने के लिए |

- इसका प्रयोग निश्चित समय के लिए किया जाता है |

Ex:- Since 1999 ,	Since last 6 years	Since last Monday,
Since last 2 months	Since 23 feb	Since 9'o clock
Since yesterday	Since april	Since morning

For - इसका प्रयोग अनिश्चित समय के लिए किया जाता है |

For 5 hours	For 8 years
For 6 months	For a long time

- जब किसी वाक्य में रहा है,रही है के साथ-साथ Time (समय) आ जाये तो उसे present perfect continuous tense कहाँ जाता है |

जैसे :- वह 7 बजे से खाना खा रहा है |
He has been eating food since 7 o'clock.

➢ इस वाक्य से पता चल रहा है की 7 बजे past (भूतकाल) से वह खाना खा रहा और अभी भी जारी है |

Structur

(S) Sub + Has / Have + Been + V4 + Obj + Since / For + Time.

(N) Sub + Has / Have + Not + Been + V4 + Obj + Since / For + Time.

(I) Has / Have + Sub + Been + V4 + Obj + since / For + Time ?

(IN) Has / Have + Sub + Not + Been + V4 + Obj + Since / For + Time ?

Examples :- राहुल 4 दिनों से किताब पढ़ रहा है — (S) Rahul has been reading the book for 4 days.

राहुल 4 दिनों से किताब नही पढ़ रहा है — (N) Rahul has not been reading the book for 4 days.

क्या राहुल 4 दिनों से किताब पढ़ रहा है ? — (I) Has Rahul been reading the book for 4 days ?

क्या राहुल 4 दिनों से किताब नही पढ़ रहा है ? — (IN) Has Rahul not been reading the book for 4 days ?

1. वह बहुत देर से हंस रही है | — She has been laughing for a long time.
2. मैं बचपन से संगीत सीख रही हूँ | — I have been learning music since childhood.
3. क्या वह सुबह से कतार में खड़ा है ? — Has he been standing in the queue for hours ?
4. मैं पिछले 2 सालों से अंग्रेजी सिख रहा हूँ | — I have been learning English since last 2 years.
5. हम सुबह से अपने रिश्तेदारों के साथ घूम रहे है | — We have been travelling with our relatives since morning ?
6. वह कब से मेरी मदद कर रहा है | — Since when has he been helping me.
7. वह चार महीनो से बीमार है | — He has been sick for four months.
8. रानी अपनी सहेलियों के साथ 2 घंटे से नाच रही है | — Rani has been dancing with her friends for 2 hours.
9. मैं इस गाँव में 4 सालों से रह रहा हूँ | — I have been living in this village for 4 years.
10. क्या तुम मुझे वर्षो से देख रहे हो ? — Have you been seeing me for years.
11. क्या वह दो दिनों से गाना नही बना रही है ? — Has she not been composing a new song for

	two days ?
12. मेरा भाई मेरे पैसे चुराता आ रहा है।	My brother has been stealing my money.
13. क्या तुम कई महीनो से स्कूल नही जा रहे हो ?	Have you not been going to school for many months ?
14. हम वहां एक महीने से जा रहे है।	We have been going there for 1 month.
15. वह दोपहर से काम क्यों कर रहा है ?	Why has he been working since noon ?

PRACTICE SHEET

1. वे मरीजो को रक्तदान करते है। --
2. वीर सैनिक रणभूमि से भागना पसंद नही करते है। --
3. वह खुद को भाग्यशाली क्यों समझता है। --
4. क्या वह बेईमानो से घ्रणा करते है ? --
5. तुम उससे डरते हो। --
6. कुत्ते रात में क्यों नही भौकते है ? --
7. आप अपना पाठ याद कब करते है ? --
8. हम रोज गाय को 2 घंटे चराते है। --
9. वह उससे रात दिन बाते करता है। --
10. मेरी बहन मुझसे बहुत प्यार करती है। --
11. आप गरमागरम चाय कैसे पीते है ? --
12. वह मधुर गाना नही गाती है। --
13. मेरे पापा धुम्रपान करने वालो से नफरत करते है। --
14. क्या आप ठण्ड में लड्डू खाना पसंद करते है ? --
15. मैं रोज पानी पिता हूँ। --
16. वह बहुत कठिन परिस्थितियो का सामना कर रहा है। --
17. मेरा भाई अभी बैलो को पानी नही पिला रहा है । --
18. क्या वह आलू के पकोड़े बना रही है ? --
19. वह बच्चो को स्कूल छोड़ने जा रहा है। --
20. शिकारी जंगल में भटक रहा है। --
21. क्या तुम्हे जलन हो रही है ? --
22. वे लोग त्यौहार क्यों नही मना रहे है ? --
23. आप उनका अपमान क्यों कर रहे है ? --
24. वे मेरी भावनाओ का सम्मान क्यों कर रहे है ? --
25. किसान अपनी फसल नही काट रहे है। --
26. वह आप लोगो को कुछ बताने जा रहा है। --
27. क्या गली में लोग लड़ाई कर रहे है ? --
28. गाय घास क्यों नही चर रही है ? --
29. राहुल अपनी गलती मान रहा है। --
30. मेरे भाई ने अपना काम खत्म कर लिया है। --
31. उसने साँप को नही मारा है। --

32. हम एक दुसरे से अभी तक नही मिले है | ---

33. वह नौकरी क्यों छोड़ चूका है ? ---

34. मैंने कभी कोई प्रसिद्ध व्यक्ति नही देखा है | ---

35. तुमने दो विदेशी भाषाओ का क्यों अध्ययन किया है ? ---

36. क्या सेना ने उस शहर पर दो बार हमला किया है ? ---

37. क्या वे उसका मजाक बना चुके है ? ---

38. मुर्गियों ने बहुत सारे अंडे नही दिए है | ---

39. उसने उस नई श्रंखला को कितनी बार देखा है ? ---

40. नल का पानी कई दिनों से लिक हो रहा है | ---

41. क्या वह सुबह से गपशप कर रही है ? ---

42. वह दो घंटे से तांगे की सवारी कर रहा है | ---

43. मेरी बहन 4 घंटे से मेले में झूले नही झूल रही है | ---

44. तुम सुबह से कुएं से पानी क्यों निकाल रहे हो ? ---

45. क्या वह 6 महीने से लड़की पटाने की कोशिश कर रहा है ? ---

46. बन्दर चार घंटे से कितने पेड़ो को हिला रहा है | ---

47. क्या वह 6 घंटे से गहरी नींद का आनंद ले रही है ? ---

48. रीना कई दिनों से कक्षा में उपस्थित नही हो रही है | ---

49. मैं दो साल से बुरे वक्त के लिए पैसे बचा रही हूँ | ---

50. क्या मजदुर बहुत दिनों से घर बना रहा है ? ---

51. वह एक महीने से दुनियां भर में घूम रहा है | ---

52. तुम बच्चो को दो दिन से क्यों गुमराह कर रहे हो ? ---

53. वह पांच दिन से पतंग नही उड़ा रहा है | ---

54. वह कई दिनों से कई तरह के गाने गा रहा है | ---

55. वह सुबह से क्यों ड्रेस ढूंढ रही है ? ---

56. चोर ने अपना गुनाह कबूल कर लिया है | ---

57. क्या उसने उसकी बहन को सब कुछ बता दिया है ? ---

58. आपने उसका जन्मदिन कितनी बार मनाया है ? ---

59. आपने अपने दोस्त का साथ क्यों नही दिया है ? ---

60. मुझे एक प्यारी सी घड़ी मिली है | ---

Past Tense

Past Indefinite Tense

Definition :- जब हमें past (भूतकाल) बीते हुए समय में पूर्ण हुई/घटी घटनाओ को व्यक्त करने के लिए past Indefinite tense का प्रयोग किया जाता है | इस tense में हिंदी वाक्यों के अंत में ता था,या,ये,ई आदि शब्द आते है |

- Past Indefinite tense का simple sentences साधारण वाक्य बनाते है, तो main verb की Second form (मुख्य क्रिया के दुसरे रूप) का प्रयोग किया जाता है |
- परन्तु जब past Indefinite tense के negative Interrogative sentences (नकारात्मक प्रश्नवाचक वाक्य) बनाते है तो did helping verb (सहायक क्रिया) का प्रयोग किया जाता है |
- Did helping verb (सहायक क्रिया) का प्रयोग सभी subject (singular,plural) दोनों के साथ किया जाता है |

Note :- Negative Interrogative sentences (नकारात्मक प्रश्नवाचक वाक्यों) में main verb की first form (मुख्य क्रिया के पहले रूप) का प्रयोग किया जाता है |

Past Indefinite tense का प्रयोग कुछ स्थितियों में करते है जो इस प्रकार है :-

1. **To Express Completed Action in Past :-** ऐसा कोई भी काम जो past (भूतकाल) में complete हो गया हो |

   Examples :- मैंने किताब खरीदी | — I bought a book.
   मैंने पत्र लिखा | — I wrote a letter.

2. **To Express Habits in Past :-** ऐसे वाक्य जो past में habit (आदत) बताते है |

   Examples :- मैं रोज राज से मिला | — I met Raj everyday.
   वह रोज मंदिर गया | — He went to temple daily.

3. **Duration :-** Duration (अवधि समय) बताने के लिए भी हम past Indefinite tense का प्रयोग करते है |

   Examples :- मैं इंदौर में 10 वर्ष रहा | — I lived in Indore for 10 years.
   मैंने 10 वर्ष क्रिकेट खेला | — I played cricket for 10 years.

Structur

(S) Sub + V_2 + Obj

(N) Sub + Did not + V_1 + Obj

(I) Did + Sub + V_1 + Obj ?

(IN) Did + Sub + Not + V_1 + Obj ?

(W.H.) Where + Did + Sub + V_1 + Obj ?

Examples :- उसने चाय बनाई (S) She prepared tea.

उसने चाय नही बनाई (N) She did not prepare tea,

क्या उसने चाय बनाई ? (I) Did she prepare tea ?

क्या उसने चाय नही बनाई ? (IN) Did she not prepare tea ?

उसने चाय कब बनाई ? (W.H.) When did she prepare tea ?

1. उसने मोमबत्ती बुझाई | He blew out the candle.
2. क्या उसने इस शब्द का अर्थ नही बताया ? Did he not tell the meaning of this word ?
3. आपने उस लड़के को डूबने से क्यों नही बचाया ? Why did you not save that boy from drowing ?
4. हमने क्रिसमस नही मनाया | We did not celebrate Christmas.
5. मैंने उसे कल एक कलम दी | I gave him a pen yesterday.
6. तुमने अपना कोट क्यों नही पहना ? Why did you not put on your coat.
7. मेरी माँ ने मेरे कपड़े नही धोय | My mother did not wash my clothes.
8. यह पेन मैंने भोपाल में ख़रीदा | I bought this pen in Bhopal.
9. सर ने हम सब को बाहर जाने का आदेश दिया | Teacher bided all of us to go out.
10. दीपक ने इस शब्द का अर्थ नही बताया | Dipak did not tell the meaning of this word.
11. क्या तुमने मेडिकल फिल्ड में 15 सालों का अनुभव हो गया ? Did you compleate 15 years of experience in medical field ?
12. उस दिन आपने छोटे बच्चे को डूबने से क्यों नही बचाया ? Why did you not save that little boy from drowing that day ?
13. क्या पिछले साल भूकंप ने पुरे शहर को तबाह कर दिया ? Did the earth quake destroyed the whole town last year ?
14. शादी की सालगिराह पर मेहमान आपके घर कहाँ सोए ? Where did the guests sleep at your house on the marriage anniversary ?
15. क्या उन्होंने तुम्हे परसों पैसे नही दिए ? Didn't they give you money day before yesterday ?

Past Continuous Tense

Definition :- जब हमें यह बताना या कहना हो की past (भूतकाल) में किसी समय कोई कार्य (क्रिया) हो रहा था / जारी था तो यह दर्शाने (व्यक्त) करने के लिए past continous tense का प्रयोग किया जाता है | इस tense के वाक्यों के अंत में रहा था,रही थी,रहे थे आदि शब्द आते है |

- Past continous tense में Was / Were helping verb (सहायक क्रिया) का प्रयोग किया जाता है |

Was :- Was helping verb का प्रयोग (singular subject) एकवचन कर्ता (he,she,It,name एवं I) के साथ किया जाता है |

Were :- Were helping verb का प्रयोग (plural subject) बहुवचन कर्ता (we,you,they,2 name) के साथ किया जाता है |

Continous during a period :- कोई कार्य जो past में किसी समय हो रहा था |

Examples :- मैं क्रिकेट खेल रहा था | — I was playing cricket.

ड्राइवर कार चला रहा था | — The driver was driving the car.

Structur

(S) Sub + Was / Were + V_4 + Obj

(N) Sub + Was / Were + Not + V_4 + Obj

(I) Was / Were + Sub + V_4 + Obj ?

(IN) Was / Were + Sub + Not + V_4 + Obj ?

(W.H.) Why + Was / Were + Sub + V_4 + Ob ?

Examples :- हम लिख रहे थे — (S) We were writing.

हम नही लिख रहे थे — (N) We were not writing.

क्या हम लिख रहे थे ? — (I) Were we writing ?

क्या हम नही लिख रहे थे ? — (IN) Were we not writing ?

हम कब लिख रहे थे ? — (W.H.) When were we writing ?

1. वह मेरा इतजार कर रहा था | — He was waiting for me.
2. हम कल शाम को सिनेमा घर जा रहे थे | — We were going to the cinema house last evening.
3. हम अनुवाद क्यों कर रहे थे ? — Why were we translating.
4. क्या भालू तुम पर हमला कर रहा था ? — Was the bear attacking you ?
5. हम स्कूल में प्रार्थना कर रहे थे | — We were praying in the school.
6. जज साहब दोषी को सजा दे रहे थे | — The judge punising the criminal.
7. मैं अपने भविष्य के बारे में सोच रहा था | — I was thinking about my future.
8. हम दिल्ली पैसा कमाने के लिए जा रहे थे | — We were going to Delhi to earn money.
9. मैं कल छत पर पतंग उड़ा रहा था | — I was flying kite on the roof yesterday.
10. तुम्हारा भाई शाम को चाय क्यों नही पी रहा था ? — Why your brother was not taking tea in the evening ?
11. क्यालहरे किनारों से टकरा रही थी ? — Were waver crashing on the shore.
12. वह मुझे धमका रहा था क्योंकी में उसे तंग कर रहा था | — He was threatening me because I was harassing him.
13. क्या कल सुबह सूर्य नही चमक रहा था ? — Was the sun not shining in the yesterday morning.
14. बच्चा अपने नाखून चबा रहा था | — The child was biting his nalls.
15. पिछले साल तुम अपने साथियों के साथ कौन से देश घुमने जा रहे थे ? — In which country were you going to visit last year with your fellows.

Past Perfect Tense

Definition :- जब हमें बताना हो की Past भूतकाल में कोई (क्रिया) कार्य किसी समय पर पूर्ण रूप से समाप्त हो चूका था/हो गया था, तो वहां पर Past Perfect Tense (पूर्ण भूतकाल) का प्रयोग किया जाता है | इस tense में वाक्यों के अंत में चूका था,चुकी थी,चुके थे/या,यी,ए,थे आदि शब्दों अक्षर आते है |

- इस tense में had helping verb सहायक क्रिया का प्रयोग किया जाता है |
- Had helping verb (सहायक क्रिया) का प्रयोग सभी subject (singular,plural) के साथ किया जाता है |

Note :- Past Perfect Tense में V_3 (verb की third form) क्रिया के तीसरे रूप का प्रयोग किया जाता है |

Past Perfect Tense का प्रयोग कुछ स्थितियों में करते है जैसे :-

1. **Complete Past :-** जब कोई कार्य पहले ही Past में पूर्ण रूप से समाप्त हो चूका था |
   Examples :- वह तुम्हारे पहले ही काम पूर्ण कर चूका था |
   He had finished work before you.
2. **Past of Past :-** Past of Past अर्थात जब Past में पहले ही कई घटनाए हो चुकी या एक घटना के पहले ही दूसरी घटना घट चुकी थी जैसे :-
   Examples :- पार्टी से पहले में उसे मिल चूका था |
   I had met him before the party.

Structur

(S) Sub + Had + V_3 + Obj

(N) Sub + Had + Not + V_3 + Obj

(I) Had + Sub + V_3 + Obj ?

(IN) Had + Sub + Not + V_3 + Obj ?

(W.H.) How + Had + Sub + V_3 + Obj ?

Examples :-

रमा कपड़े धो चुकी थी	(S)	Rama had washed the clothes.
रमा कपड़े नही धो चुकी थी	(N)	Rama had not washed the clothes.
क्या रमा कपडे धो चुकी थी ?	(I)	Had Rama washed the clothes ?
क्या रमा कपड़े नही धो चुकी थी ?	(IN)	Had Rama not washed the clothes ?
रमा कपड़े कब धो चुकी थी ?	(W.H.)	When had Rama washed the clothes ?

1. मैं एक मेज बना चूका था | — I had made a table.
2. क्या वह चैक पर हस्ताक्षर कर चूका था ? — Had he signed on the cheques ?
3. तुमने मुझे उसका पता क्यों नही दिया ? — Why did you not given me her address ?
4. क्या जब वर्षा हुई तब फसले कट चुकी थी ? — Had the crops cut when rain came ?
5. मेरे कार खरीदने से पहले वह कार बेच चूका था | — He had sold car before I bough.
6. मैं कॉफ़ी बना चूका था | — I had made the coffee.
7. क्या गाड़ी छुटने से पहले वह स्टेशन पर पहुच चूका था ? — Had he reached the station before the train started ?
8. लडकियाँ वापस नही लौटी थी | — Girls had not come back.
9. क्या मेरे जाने के पहले यह गाय घास खा चुकी थी ? — Had this cow eaten grass before I went ?
10. क्या मम्मी के आने से पहले बच्चे खामोश हो गए थे ? — Had the children become silent before the mother come ?
11. मेरे वहां पहुचने से पहले बच्चा नदी में कूद गया था | — The child had jumped into the river before I reached there.
12. जब हम वहा पहुचे दावत शुरू हो चुकी थी | — The dinner had started when we reached there.
13. मैं उस मोबाइल को खरीदने से पहले उसने उसका मोबाइल बेच दिया था | — He had sold his mobile before I bought that mobile.
14. जब वर्षा हुई तब फसले कट चुकी थी | — The crops had cut when rain came.
15. तूफान आने के बाद बरसात हुई | — It had rained after the stoem came.

Past Perfect Continuous Tense

Definition :- जब हमें यह बताना / कहना हो की कोई क्रिया भूतकाल (Past) में लगातार कुछ समय तक जारी हो रही थी और Past में ही किसी निश्चित समय पर जारी रहकर समाप्त हो गयी तो वहां पर Past Perfect Continuous Tense का प्रयोग किया जाता है | इस tense में वाक्यों (sentences) के अंत में रहा था,रही थी,रहे थे, शब्दों के साथ समय भी दिया होता है |

- Past Perfect Continuous Tense (पूर्ण निरंतर भूतकाल) में had been helping verb (सहायक क्रिया) का प्रयोग किया जाता है |
- Had been (helping verb) सहायक क्रिया का प्रयोग सभी subject (singular,plural) के साथ होता है |

- Time (समय) दर्शाने के लिए Since और For का प्रयोग किया जाता है |

Since :- Since का प्रयोग निश्चित समय के लिए किया जाता है |

For :- For का प्रयोग अनिश्चित समय के लिए किया जाता है |

- Past Perfect Continuous Tense का प्रयोग करते समय कुछ बाते ध्यान देने योग्य |
  1. An Action Started in Past
  2. Processed in Past
  3. Finished in Past

ऊपर दिए तीनों Points से पता चलता है, की कोई कार्य Past में शुरू हुआ Past में ही जारी रहा और Past में ही पूरा हो रहा था या Process में था जैसे :-

Examples :- जब में पहुचा, रोशन मेरा 2 घंटे से इंतजार कर रहा था |

When I arrived, Roshan had been waiting for me for 2 hours.

Structur

(S) Sub + Had Been + V_4 + Obj + Since / For + Time

(N) Sub + Had + Not + Been + V_4 + Obj + Since / For + Time

(I) Had + Sub + Been + V_4 + Obj + Since / For + Time ?

(IN) Had + Sub + Not + Been + V_4 + Obj + Since / For + Time ?

(W.H.) Why +Had + Sub + Been + V_4 + Obj + Since / For + Time ?

Examples :-

राहुल आठ बजे से किताब पढ़ रहा था	(S) Rahul had been reading a book since 8 o'clock.
राहुल आठ बजे से किताब नही पढ़ रहा था	(N) Rahul had not been reading a book since 8 o'clock.
क्या राहुल आठ बजे से किताब पढ़ रहा था ?	(I) Had Rahul been reading a book since 8 o'clock ?
क्या राहुल आठ बजे से किताब नही पढ़ रहा था ?	(IN) Had Rahul not been reading a book since 8 o'clock ?
राहुल आठ बजे से किताब क्यों पढ़ रहा था ?	(W.H.) Why had Rahul been reading a book since 8 o'clock ?

1. वह 2 घंटे से खाना पका रही थी।	She had been cooking food for 2 hour.
2. वह कई दिनों से चश्मा लगा रही थी।	She had been putting spectacles for several days ?
3. गाँव के सारे लड़के 2 घंटे से भयानक आवाज क्यों सुन रहे थे ?	Why had all boys of the village listening a fearful sound for 2 hours.
4. वह सुबह से मंदिर जा रहा था।	He had been going to temple since morning.
5. क्या दर्जी आधी रात से वस्त्र बना रहा था ?	Had the tailor been sewing clothes since midnight ?
6. तुम 2 महीने से कहा जा रही थी ?	Where had you been going for 2 month ?
7. मैं अपने भाई को 15 मिनट से बुला रहा था।	I had been calling my brother for 15 minutes.
8. क्या राहुल पिछले हफ्ते से खाना नही पका रहा था ?	Had Rahul not been cooking food since last week ?
9. क्या उम्मीदवार कई दिनों से प्रचार कर रहे थे ?	Had the candidates been canvassing for days ?
10. मैं जनवरी से परीक्षा की तैयारी कर रहा था।	I had been preparing for the examination since January.
11. दुकानदार 2 सप्ताह से अपनी दुकान क्यों नही खोल रहा था ?	Why had the shopkeeper not been opening his shop for two weeks ?
12. तुम मेरी बात सुबह से क्यों नही सुन रहे थे ?	Why had you not been listening to since morning ?
13. वह सारे काम शुरू से कैसे ख़राब कर रहा था ?	How had he been spoiling all the works since beginning ?
14. पन्द्रह मिनट से दरवाजा कौन खटखटा रहा था ?	Who had been knocking the door for 15 minutes ?
15. राजेश 1 घंटे से पेड़ के नीचे क्या कर रहा था ?	What had Rajesh been doing under this free for one hour ?

PRACTICE SHEET

1. मैंने आपका नंबर कई बार आजमाया | --
2. मेरी बहन ने पिछले साल स्कूल छोड़ दी | --
3. क्या आपने बिल का भुगतान नकद में किया ? --
4. उसने नदी से कितनी मछलियाँ पकड़ी ? --
5. क्या उसने जुड़वाँ बच्चो को जन्म दिया ? --
6. उसने वहां तमाशा नही बनाया | --
7. तुम उसे देखते ही क्यों हस पड़े ? --
8. मैंने एक घोंसले में चिड़िया देखी | --
9. आप अपना बटुआ कहाँ भूल गए ? --
10. क्या माली ने सड़े हुए पत्तो को झाड़ दिया ? --
11. मेरे दोस्तों ने कंप्यूटर पर प्रोग्राम इनस्टॉल किया | --
12. तुमने पर्यटकों से अंग्रेजी में बात क्यों नही की ? --
13. मैंने youtube पर मॉस स्टडी क्लासेस देखी | --
14. क्या तुम कल प्रधानमंत्री से मिलने गए ? --
15. वह दुश्मनों पर आक्रमण कर रहा था | --
16. दरवाजा कौन खटखटा रहा था ? --
17. वह कक्षा में मेरी नकल कर रही थी | --
18. क्या वह फोन पर रिल्स देख रही थी ? --
19. वह कम्पनी के नियमो को नही समझा रहा था | --
20. प्रिंसिपल छात्रों को क्यों डाट रहे थे ? --
21. क्या साधू संत लोगो को जादू टोना कर रहे थे ? --
22. चोर ताला तोड़कर चोरी कर रहा था | --
23. वह आपसे कितना धन मांग रहा था ? --
24. तुम्हारा भाई उसे धोखा देने की कोशिश कर रहा था ? --
25. राहुल उसकी बात ध्यान से नही सुन रहा था | --
26. क्या सैनिक पूरी ईमानदारी से देश की सेवा कर रहे थे ? --
27. वह चोरी छुपे कॉलेज में पानी पूरी खा रही थी | --
28. वे लोग लड़ाई का तमाशा क्यों देख रहे थे ? --
29. वे एक दुसरे को क्यों घुर रहे थे ? --
30. बिल्ली उन लोगों का रास्ता काट चुकी थी | --
31. क्या तुम सुबह होने से पहले जाग गए थे ? --
32. वह सच नही बोला था | --
33. पानी गुनगुना क्यों नही हुआ था ? --
34. क्या भूकम्प के कारण खिड़कियाँ लड़खड़ाने लगी थी ? --
35. मैंने नल से पानी के टपकने की आवाज नही सुनी थी | --
36. क्या आपने उसकी चप्पल को उल्टा कर दिया था ? --
37. आपने उसकी बेइज्जती क्यों की थी ? --

38. उसने अपने कमरे का किराया नही दिया था | --
39. आपने खाने में कितने व्यंजन बनाये थे ? --
40. क्या तुमने उसे अपनी बाइक पर शहर घुमाया था ? --
41. उसने झूठ बोलने वालो को दण्ड नही दिया था | --
42. क्या तुमने उसे गड्ढे में धकेल दिया था ? --
43. उसकी बारात घर के आगे आ चुकी थी | --
44. लड़कियां वापस क्यों नही लोटी थी ? --
45. वह तीन घंटे से धुप का आनंद ले रहा था | --
46. किसान चार दिनों से खेत में सिचाई क्यों कर रहे थे ? --
47. मेरी माँ मेरी बहन को सुबह से लाड़ दुलार कर रही थी --
48. क्या तुम एक घंटे से गुब्बारे में हवा भरने की कोशिश कर रहे थे ? --
49. मैं आपको बहुत देर से फोन नही कर रहा था | --
50. क्या रानी एक साल से मेहँदी बनाना सिख रही थी ? --
51. वह दोपहर से स्वेटर बुन रही थी | --
52. वह एक घंटे से खिड़की खुलने का इंतजार कर रहा था | --
53. क्या आप बहुत दिनों से गर्मियों की छुट्टियों का इंतजार कर रहे थे ? --
54. वह लम्बे समय जिन्दगी और मौत के बीच जुंझ रहा था --
55. क्या वह एक साल से सत्य बोल रहा था ? --
56. कुत्ते सुबह से नही भौक रहे थे | --
57. वह दस साल से अमेरिका में क्यों नही व्यापार कर रहा था | --
58. माली कई दिनों से फूलो के गुलदस्ते बना रहा था | --
59. वह शाम से उससे मिलने के बहाने बना रहा था | --
60. बच्चे 3 घंटे से खेल रहे थे | --

Future Tense

Future Indefinite Tense

Definition :- जब हमें बताना हो की भविष्य (Future) में कोई कार्य (क्रिया) या घटना होगी तो वहां Future Indefinite Tense (सामान्य भविष्य काल) का प्रयोग किया जाता है | इस Tense के वाक्यों की अंत में गा,गी,गे आदि शब्द आते है |

- Future Tense का प्रयोग करते समय कुछ बाते (स्थितियाँ) ध्यान देने योग्य –

1. **To Predict Future Event :-** भविष्य की घटना की भविष्यवाणी करने के लिए ऐसा कोई भी वाक्य जो (Future) भविष्य में होने वाली (event) घटना को बताए

   Examples :- भारत मैच जीतेगा | — India will win the match.
   हम अंग्रेजी सीखेंगे | — We will learn English.

2. **To Express spontoneous Decisions :-** तत्काल निर्णय व्यक्त करने के लिए ऐसे वाक्य जो (Future) भविष्य में तत्काल निर्णय व्यक्त करने के लिए प्रयोग होते है |

   Examples :- मैं फोन उठाऊंगा | — I will pick the phone.
   अब राहुल बेटिंग करेगा | — Now Rahul will bat.

3. **To Express Willingness or Unwillingness :-** ऐसा कोई कार्य जो भविष्य में करेंगे ही या नही करेंगे तो ऐसे वाक्यों को बनाने के लिए इस Tense का प्रयोग किया जाता है |

   Examples :- मैं कल सुबह जल्दी उठूँगा | — I will wake up early in the morning tomorrow.
   मैं उससे बात नही करूँगा | — I will not talk to him.

- इस Tense में Will (helping verb) सहायक क्रिया का प्रयोग किया जाता है | Subject चाहे Singular हो या Plural "Will" का ही प्रयोग होता है |

Will ⟶ All Subject

Structur

(S) Sub + Will + V_I + Obj

(N) Sub + Will + Not + V_I + Obj

(I) Will + Sub + V_I + Obj ?

(IN) Will + Sub + Not + V_I + Obj ?

(W. H.) Where + Will + Sub + V_I + Obj ?

Examples :- वह पार्टी में नाचेगा | (S) He will dance in the party.

वह पार्टी में नही नाचेगा | (N) He will not dance in the party.

क्या वह पार्टी में नाचेगा ? (I) Will he dance in the party ?

क्या वह पार्टी में नही नाचेगा ? (IN) Will he not dance in the party ?

वह पार्टी में कब नाचेगा ? (W.H.) When will he dance in the party ?

1. मैं भोपाल जाउंगी | — I will go to Bhopal.
2. वह गाड़ी चलायेगा | — He will drive a car.
3. मैं उसकी मदद करूँगा | — I will help you.
4. राहुल निश्चित ही यहाँ आएगा | — Rahul will definitely come here.
5. वह मेरा निकनेम लेकर मुझे बुलाएगा | — He will now take my nickname and call me.
6. मैं इस अँधेरी रात में बाहर कैसे जाऊंगा ? — How will I go out in this dark night ?
7. कल में विभिन्न विषयों पर लेख लिखूंगा | — I will write articles on vasious topics tomorrow.
8. रॉबर्ट विभिन्न प्रकार की किताबे पढ़ेगा | — Robbert will read a variety of books.
9. क्या आप अलग-अलग तरह के गाने गायेंगे खासकर आधुनिक ? — Will you sing a variety of songs especially modern ones ?
10. वे इस कार्यक्रम के लिए सभी आवश्यक सामग्री की व्यवस्था करेंगे | — They will arrange all the necessary material for the programme.
11. कवि इस प्रोग्राम के लिए रोमांटिक कविता क्यों नही लिखेगा ? — Why will the poet not write a romantic poem for this program ?
12. वह हमारा इंतजार रेल्वेस्टेशन पर क्यों करेगी ? — Why will she wait us on the railway station ?
13. मुझे लगता है की भाजपा अगला चुनाव जीतेगी | — I think the BJP will win the next election.
14. क्या आप अगले साल इसके साथ शादी नही करेंगे | — Will you not marry him next year.
15. आप दिन में उस ईमेल को कितनी बार पढ़ोगे ? — How many times will you read that email in a day ?

Future Continuous Tense

Definition :- जब हमें यह बताना हो की Future (भविष्य) में कोई कार्य हो रहा होगा या कोई क्रिया जारी रहेगी तो वहां पर Future Continuous Tense का प्रयोग किया जाता है | इसे Progressive Tense भी कहते है | इस Tense में वाक्यों के अंत में रहा होगा,रही होगी,रहे होंगे शब्द आते है |

➢ Future Continuous Tense का प्रयोग कुछ विशेष Continous (स्थितियों) में किया जाता है जो इस प्रकार है -

I. ऐसा कोई भी कार्य (Action) जो भविष्य (Future) में शुरू होगा और भविष्य में जारी रहेगा तो उस स्थिति में इस Tense का प्रयोग होगा |

Examples :- वह क्रिकेट खेल रहा होगा |
He will be playing cricket.

II. जब एक काम दूसरे काम बाधित करेगा अर्थात जब कोई एक काम चल रहा होगा व दूसरा कार्य शुरू होगा |

Examples :- जब तुम आओगे, मैं T.V. देख रहा हूँगा |
I will be watching T.V, When you come arrive.

III. जब दो कार्य भविष्य में एक साथ हो रहे हो |

Examples :- मैं क्रिकेट खेल रहा हूँगा और तुम देख रहे होंगे |

I will be playing cricket and you will be watching.

- Future Continuous Tense में will be helping verb (सहायक क्रिया) का प्रयोग किया जाता है | will be helping verb का प्रयोग (Singular,Plural) सभी subject के साथ किया जाता है |

- Continous Tense में (V_4) या verb की first form के साथ Ing का प्रयोग किया जाता है |

Structur

(S) Sub + Will be + V_4 + Obj

(N) Sub + Will not be + V_4 + Obj

(I) Will + Sub + Be + V_4 + Obj ?

(IN) Will + Sub + Not + Be + V_4 + Obj ?

(W.H.) Why + Sub + Be + V_4 + Obj ?

Examples :-

वह किताब लिख रहा होगा		(S) He will be writing a book.
वह किताब नही लिख रहा होगा		(N) He will not be writing a book.
क्या वह किताब लिख रहा होगा ?	(I) Will he be writing a book ?
क्या वह किताब नही लिख रहा होगा ?	(IN) Will he not be writing a book ?
वह किताब कहा लिख रहा होगा ?	(W.H.) Where will he be writing a book ?

1. मैं अपने घर पर खाना खा रहा हूँगा		I will be eating food at my house.
2. कबाड़ी पुराना सामान खरीद रहा होगा		The junkdealer will be purchasing old good.
3. क्या वहां ठंडी हवा चल रही होगी ?	Will the cold wind be blowing in there.
4. वे तुम्हारे घर आ रहे होंगे		They will be coming in your house.
5. वह हमारा इंतजार कर रहा होगा		He will be waiting for us.
6. मैदान में कौन दौड़ रहा होगा ?	Who will runing in the ground ?
7. वह बाजार से क्या खरीद रहा होगा ?	What will he be buying from the market ?
8. क्या वह छत पर नाच रहा होगा ?	Will he be dancing on the roof.
9. वे कोई काम कर रहे होंगे		They will be doing any work.
10. वह कहाँ जा रहा होगा ?	Where will he be going ?
11. मेरा भाई स्विमिंग पुल में स्नान कर रहा होगा		My brother will be taking a bath in the swimming pool.
12. क्या वह अपनी गुड़ियाँ से खेल रही होगी ?	Will he be playing with her doll ?

13. क्या बस में बच्चे चिल्ला रहे होंगे ? Will children be shouting on the bus ?

14. क्या वे किसी अजनबी से बात कर रहे होंगे ? Will they be talking with a stranger.

15. वह शाम में रानी के साथ पिज्जा खा रहा होगा | He will be eating pizza in the evening with Rani.

Future Perfect Tense

Definition :- जब हमें बताना हो या कहना हो की Future (भविष्य) में किसी समय में या समय से पहले कोई काम पूर्ण (complete) हो चूका होगा | तो इस Tense का प्रयोग किया जाता है | इस Tense में वाक्यों के अंत में चूका होगा, चुकी होगी,चुके होंगे आदि शब्द आते है |

- इस Tense का प्रयोग कुछ विशेष Condition (स्थितियों) में भी किया जाता है, जो इस प्रकार है -

  1. **One Action Completed Before Another Action in Future :-**जब कोई एक कार्य दुसरे कार्य के पहले Future में पूर्ण हो गया हो |

     Examples :- जब तुम स्टेशन पहुंचोगे,रेल स्टेशन से निकल चुकी होगी |
     The train will have left station when you reach the station.
     तुम मुझे 8 बजे कॉल कर सकते हो, मैं 8 बजे तक ऑफिस पहुंच चूका हूँगा |
     You can call me at 8 o'clock, I will have reached office by 8 o'clock.

- इस Tense में Will have helping verb का प्रयोग किया जाता है Will have helping verb का प्रयोग (Singular,Plural) सभी subject के साथ किया जाता है |

- इस Tense में (V3) verb की Third form का प्रयोग किया जाता है |

Structur

- (S) Sub + Will have + V_3 + Obj
  (N) Sub + Will + Not + Have + V_3 + Obj
  (I) Will + Sub + Have + V_3 + Obj ?
  (IN) Will + Sub + Not + Have + V_3 + Obj ?

Examples :- वे क्रिकेट खेल चुके होगे — (S) They will have played cricket.

वे क्रिकेट नही खेल चुके होगे — (N) They will not have played cricket.

क्या वे क्रिकेट खेल चुके होगे ? — (I) Will they have played cricket ?

क्या वे क्रिकेट नही खेल चुके होगे ? — (IN) Will they not have played cricket ?

1. वह सो चुकी होगी |	She will have slept.
2. वह अपना काम रविवार तक पूरा कर चूका होगा |	He will have finished his work by Sunday.
3. क्या गाड़ी आने से पहले उसने टिकट ले लिया ?	Will he have teken the tickets before the train arrives.
4. वह सभी को खाना परोस चूका होगा |	He will have served the food to all.
5. क्या पत्र लिखने से पहले उसने पुस्तक लिख ली होगी ?	Will he have written the book before the letter prints.
6. मेरा भाई उज्जैन से आ चूका होगा |	My brother will have come from Ujjain.
7. शाम होने से पहले सूरज डूब चुकेगा |	The sun will have set before evening.
8. वह गाना गा चूका होगा |	He will have sung a song.
9. आपका भाई उस फिल्म को कितनी बार देख चूका होगा |	How many times will your brother have seen that film ?
10. वह खाना खा चूका होगा |	He will have eaten food.
11. 2025 तक भारत के कई अमीर लोग चाँद पर प्लाट ले चुके होंगे |	By 2025 many rich people of India will have taken plots on the moon.
12. बन्दर के आने से पहले पक्षी क्यों उड़ चुके होंगे ?	Why will the birds have flown before the monkey comes.
13. क्या हर कोई 2024 तक मास स्टडी से अंग्रेजी सिख चुके होंगे ?	Will everyone have learnt English from the Mass Study in 2024 ?
